JALAUN POLICE

दिनांक – 29.05.2026

कोतवाली उरई पुलिस व स्वाट/सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा चेन स्नैचिंग की घटना का सफल अनावरण कर 01 शातिर अपराधी को पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया।

अवगत कराना है कि दिनांक 27.05.2026 को वादी श्री सन्तोष गुप्ता द्वारा कोतवाली उरई में तहरीरी सूचना दी गयी कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा वादी की माता जी के सुबह टहलते समय झपट्टा मारकर गले से सोने का मंगलसूत्र छीन ले गया है। उक्त सूचना पर कोतवाली उरई में मु0अ0सं0 297/26 धारा 304 बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था।

अपर पुलिस महानिदेशक महोदया, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक महोदय, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के पर्यवेक्षण तथा अपर पुलिस अधीक्षक जालौन के नेतृत्व में वांछित अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत दिनांक 29.05.2026 को कोतवाली उरई पुलिस व स्वाट/सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा मुखविर की सूचना पर करमेर रोड के संपर्क मार्ग पर चेकिंग के दौरान गिरफ्तारी हेतु घेराबन्दी की जा रही थी, तभी शातिर अभियुक्त द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया, जिसमें पुलिस टीम बाल-बाल बची तथा आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा जवाबी एवं नियंत्रित फ़ायरिंग की गई। जिसमें अभियुक्त शाहरूख के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया तथा अभियुक्त के पास से अवैध तमन्चा, ज़िंदा व खोखा कारतूस व एक मंगलसूत्र बरामद किया गया है।

घायल अभियुक्त शाहरूख उपरोक्त को तत्काल उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया है।

उक्त पुलिस मुठभेड़ एवं बरामदगी के संबंध में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

अभियुक्त का विवरण-

1. शाहरूख पुत्र सत्तार खां उम्र करीब 28 वर्ष नि0 मोहल्ला तुफैलपुरवा इन्द्रानगर कोतवाली उरई जनपद जालौन

पूछताछ का विवरण-

पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि मेरे पास से जो मंगलसूत्र बरामद हुआ है, वह दो दिन पूर्व मैं सुबह के समय माल गोदाम के पास एक वृद्ध महिला के गले से झपटकर भाग गया था। जिसको मैं बेचने की फिराक मे था कि आप लोगों पकड़ लिया।

आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 744/2018 धारा 41 सीआरपीसी कोतवाली उरई जनपद जालौन
2. मु0अ0सं0 745/2018 धारा 3/25/आर्म्स एक्ट कोतवाली उरई जनपद जालौन
3. मु0अ0सं0 830/2018 धारा 60 आबकारी अधिनियम कोतवाली उरई जनपद जालौन
4. मु0अ0सं0 549/2019 धारा 380/411/457 भादवि कोतवाली उरई जनपद जालौन

5. मु0अ0सं0 831/2019 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट कोतवाली उरई जनपद जालौन
6. मु0अ0सं0 252/2025 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट कोतवाली उरई जनपद जालौन
7. मु0अ0सं0 116/2019 धारा 380/411/457 भादवि कोतवाली माधौगढ जनपद जालौन
8. मु0अ0सं0 230/2026 धारा 115(2)/351(3)/352 बीएनएस व 3(2)(5)a एससी/एसटी एक्ट कोतवाली उरई जनपद जालौन
9. मु0अ0सं0 297/2026 धारा 304 बीएनएस कोतवाली उरई जनपद जालौन

बरामदगी का विवरण-

1. 01 अवैध तमन्चा और 02 ज़िंदा कारतूस व 01 खोखा कारतूस
2. 01 मंगलसूत्र पीली धातु(मु0अ0सं0 297/2026 कोतवाली उरई से सम्बन्धित)

पुलिस टीम का विवरण-

1- प्रभारी निरीक्षक कोतवाली उरई मय टीम जनपद जालौन।

2- प्रभारी स्वाट/सर्विलांस टीम।